# शिक्षक का चरित्र बच्चों के लिए सबसे बड़ी सीख

## बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यक्तित्व विकास को लेकर राज्यमंत्री ने दिए आवश्यक निर्देश





नवभारत न्यूज

**राजगढ़/सारंगपुर 11 सितम्बर, सं. जिला मुख्यालय पर बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और व्यक्तित्व विकास को लेकर आयोजित बैठक में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल एवं कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गये.**

राज्यमंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि छात्रावासों में बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए. छात्रावासों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना चाहिए ताकि बच्चों की प्रतिभा निखर सके. उन्होंने कहा कि शिक्षक का चरित्र और व्यवहार बच्चों के लिए सबसे बड़ी सीख होता है. इसलिए शिक्षकों को प्रेरणादायी बनना चाहिए. उन्होंने निर्देशित किया कि कक्षाओं का नाम देश के वीर योद्धाओं के नाम पर रखे जाए साथ ही परिसर में स्वतंत्रता सेनानियों की तस्वीरें भी लगाई जाएं.

कलेक्टर डा. मिश्रा ने कहा कि जिन छात्रावासों में पर्याप्त स्थान हो वहां किचन गार्डन विकसित किए जाएं. बच्चों को शुद्ध और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वॉटर कूलर की व्यवस्था की जाए. छात्रावासों में स्मार्ट क्लास संचालित की जाए ताकि अवकाश के दिनों में भी छात्र ऑनलाइन क्लास के माध्यम से कुछ नया सीख सके.

**साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे-** जनजातीय कार्य विभाग की योजनाओं की जानकारी ली तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत संचालित पेयजल योजनाओं और छात्रावासों में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की समीक्षा की. कहा कि छात्रावासों में बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराया जाए, पुराने भवनों की रंगाई-पुताई की जाए तथा सभी छात्रावासों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए.

### परीक्षा परिणाम पर किया सम्मानित

छात्रावासों में निवासरत छात्रों का वर्ष 2025 में वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत देने पर सम्मानित भी किया गया. बालक उत्कृष्ट छात्रावास खिलचीपुर के मेहमूद खान, बालक उत्कृष्ट छात्रावास नरसिंहगढ़ के राजेश नामदेव, बालक उत्कृष्ट छात्रावास राजगढ़ के पंकज सेंगर, कन्या उत्कृष्ट छात्रावास खिलचीपुर की श्रीमति उमा सोनी, कन्या उत्कृष्ट छात्रावास नरसिंहगढ़ की श्रीमति सुनीता भारभटे एवं कन्या उत्कृष्ट छात्रावास राजगढ़ की श्रीमति रेखा मालवीय को सम्मानित किया गया.

## छापामार कार्रवाई में धराए 15 जुआरी

**सीहोर.** कोतवाली पुलिस द्वारा देर रात मछली बाजार में एक घर के अंदर से 15 जुआरियों को जुआ खेलते हुए दबोचा. जिनसे 27 हजार 250 रुपए नगदी बरामद किए गए. बीती रात को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि मछली बाजार के एक घर में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं. पुलिस ने दबिश दी. करीब 15 जुआरी जुआ खेलते पाए गए. जिनके कब्जे से 27 हजार 250 नगदी जप्त की गई. आरोपियों में आमिर उर्फ रहमान पिता लाइक, मो.उमर कुरैशी पिता उस्मान मोहम्मद कसाई मंडी, मो. इमरान पिता इकबाल, मो.जावेद पिता हमिल कुरैशी निवासी बद्री महल, मो. फुकरान पिता इदरीश कोतवाली चौराहा, फैजान पिता मो.कयूम, अमीन आ. रहीस इंग्लिशपुरा, साबिर पिता नसरू गल्ला मंडी, अनस आ. असलम, फराज रंगरेज पिता आसिफ, नाजिम पिता शाकिर, अजहर आ. असलम मछली बाजार, मो. मुजाहिद पिता मो. समद निवासी पलटन एरिया, मो. अशरफ पिता असगर अली शामिल हैं.



# नानाखेड़ी मंडी रोड पर रोज लगता है जाम

नवभारत न्यूज

**गुना 11 सित. का। शहर का नानाखेड़ी मंडी रोड अब जाम की समस्या से बुरी तरह जूझ रहा है। यहां रोजाना सब्जी और प्याज लेकर आने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली सडक पर जगह-जगह खड़े रहते हैं। सब्जी लेने आने वाले ऑटो भी मंडी गेट से अंदर तक खड़े हो जाते हैं। इसके कारण सडक पर इतनी अव्यवस्था फैल जाती है कि राहगीरों और स्कूली बच्चों का निकलना मुश्किल हो जाता है।**

गुरुवार को इसका सबसे बड़ा खामियाजा पीएम श्री विद्यालय के बच्चों को उठाना पड़ा। नीचे मंडी गेट पर बच्चों को छोड़ने के बाद ऑटो को आगे जाने की अनुमति नहीं मिली। मजबूर होकर बच्चे मंडी गेट से पैदल ही भीड़ और भारी वाहनों के बीच स्कूल तक गए। इस दौरान तेज गति से गुजरते ट्रैक्टर-ट्रॉली और भारी वाहनों ने बच्चों की सुरक्षा को गंभीर खतरे में डाल दिया।

अभिभावकों का कहना है कि रोजाना मंडी के आसपास ऐसी स्थिति बनती है, जिसमें किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंडी क्षेत्र में सुबह से लेकर दोपहर तक जाम आम हो गया है। मंडी में आने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली जहां-तहां खड़े कर दिए जाते हैं, वहीं सब्जी और फल लेने आए ऑटो चालकों की भीड़ इसे और बढ़ा देती है।

राहगीरों और आम नागरिकों को तो दिक्कत होती ही है, स्कूली बच्चे और बुजुर्ग भी असुरक्षित महसूस करते हैं। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि मंडी क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था को तुरंत दुरुस्त किया जाए। ट्रैक्टर-ट्रॉली और ऑटो के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल तय किए जाएं और स्कूल टाइम पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाए। लोगों का कहना है कि जब तक मंडी क्षेत्र में व्यवस्थित ट्रैफिक प्रबंधन नहीं होगा, तब तक दुर्घटनाओं का खतरा हमेशा बना रहेगा।

### औपचारिकता या जड़ से समाधान?

इधर शहर में अतिक्रमण को लेकर समय-समय पर कार्यवाही होती रहती है। लेकिन यह कार्यवाही कितनी प्रभावी होती है? कई बार सिर्फ औपचारिक कार्रवाई नजर आती है, जबकि समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाला जाता। असल में, यह एक व्यापक समस्या है, जिसे केवल दंडात्मक कार्यवाही से नहीं सुलझाया जा सकता। शहर में कुछ ऐसे प्रमुख क्षेत्र हैं, जो समय-समय पर अतिक्रमण और अव्यवस्था की वजह बनते हैं। इनमें ट्रांसपोर्ट व्यवस्था, बस स्टैंड क्षेत्र, फल-फूल व सब्जी मंडी और ऑटो स्टैंड प्रमुख हैं।

## कार्यक्रमों में शामिल होंगी प्रभारी मंत्री

**टीकमगढ़।** मध्यप्रदेश शासन की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमन्तु अर्द्धघुमन्तु कल्याण विभाग राज्यमंत्री एवं टीकमगढ़ जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर आज दूसरे दिन भी जिले के प्रवास पर रहेंगीं। प्रभारी मंत्री 12 सितम्बर को सुबह 10:30 बजे भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा कोर कमेटी की बैठक में शामिल होंगी। प्रभारी मंत्री श्रीमती गौर की अध्यक्षता में सुबह 11:30 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक अयोजित की जायेगी। वह दोपहर 4 बजे विकास कार्यों का अवलोकन करेंगी।



## मजदूरों से भरा मैजिक ऑटो पलटा

### घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर बचाई जान

**सिरोंज11 सितम्बर, थाना सिरोंज क्षेत्र अंतर्गत इमलानी रोड टेकरी पर हाजीपुर से मोतीगढ़ जा रहा मजदूरों से भरा मैजिक ऑटो गुरुवार को सुबह अनियंत्रित होकर पलट गया. जिसमें पुरुष एवं महिला करीब 30 मजदूर सवार थे.**

घटना में अधिकतर मजदूरों को सामान्य चोटें आने की जानकारी मिली है. वहीं दो महिलाओं को सिर में चोट आने से प्राथमिक उपचार उपरांत विदिशा रेफर किया गया है.

## सट्टा फड़ पर दबिश, 13,090 नगदी जप्त

### आरोपियों के विरुद्ध सट्टा एक्ट के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध



**सारनी। पाथाखेड़ा पुलिस ने बगडोना, पाथाखेड़ा स्थित पूरन नामक व्यक्ति द्वारा संचालित अवैध सट्टा फड़ पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान मौके से 2 व्यक्तियों को सट्टा लिखते एवं 5 व्यक्तियों को सट्टा लगाते हुए गिरफ्तार किया गया।**

पुलिस ने पूरन पिता सोहबन वरकडे 4,500, रवि पिता सालाकरम धुर्वे 2,500, संजू पिता दयाराम पवार 1,500, शिवनाथ पिता विश्राम परते 1,500, अनुराग यादव पिता रमन यादव 1,000, नरापन शाह पिता पुलिन शाह 1,600 और ब्रजलाल धुर्वे पिता गणेश धुर्वे 400 रूपये कुल नगदी 13,090 रूपये जब्त किये और आरोपियों के विरुद्ध धारा 4(क) सट्टा एक्ट के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। इस कार्रवाही में निरीक्षक जयपाल इवनाती, उप निरीक्षक वंशज श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक ज्ञान सिंह टेकाम, मनोज डेहरिया, आरक्षक राकेश कारपे, रविमोहन दर्शिमा, अनुज यादव, सैनिक सुभाष, हीरा, उर्मिला की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अवैध गतिविधियों, जुआ-सट्टा, नशे का सेवन या विक्रय जैसी गैरकानूनी गतिविधियों की सूचना तुरंत नजदीकी थाने या डायल 112 पर दें।

### एक नजर में



## भाजपा 2 अक्टूबर तक मनाएगी सेवा पखवाड़ा

**भैरूंदा.** भाजपा मंडल द्वारा कार्यकर्ताओं की आयोजित बैठक में सेवा पखवाड़ा और सांसद खेल महोत्सव जैसे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई. पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन का उद्देश्य अंत्योदय है. उनके जन्मदिन को हम उत्सव के रूप में नहीं, सेवा के माध्यम से मनाकर उनके विजन को जन-जन तक पहुंचाएं. जिला संयोजक जितेंद्र गौड़, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीता लखेरा, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए. बैठक में सांसद खेल महोत्सव की भी रूपरेखा प्रस्तुत की गई. जो केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं विधायक रमाकांत भार्गव की प्रेरक एवं विजनरी सोच से आयोजित किया जाएगा.



## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए सहयोग राशि एकत्रित

**रहली.** देश के पंजाब राज्य में व्यास, राबी नदी में आई भीषण बाढ़ से जन जीवन प्रभावित है. संकट की इस घड़ी में लोगों ने बजरिया, राव मार्केट, जबलपुर चौराहा बस स्टेड मेन रोड में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर सहयोग राशि एकत्रित की. सुरेश सिंह ने कहा कि पंजाब बाढ़ आपदा की घड़ी में हमारी भावनाएं पंजाब के लोगों के साथ हैं. पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुशील हजारी ने कहा कि रहली की परंपरा रही है कि देश के किसी कोने में प्राकृतिक आपदा आई तो रहली के लोगों के बढ़ चढ़ कर सहयोग किया है. इस दौरान डॉ बसंत नेमा, पूर्व नपा उपाध्यक्ष अनूप ददरया, अक्षय हजारी, अमन जैन, डॉ नीरज पटेल, विकास चौरसिया, अमित सोनी, गौरव सिंह ठाकुर, सोमू सेठ, अभिषेक सेंधिया, साहित्य जैन, गोलू नेमा शामिल थे.

## 10 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा आवेदिका रजनी पति लक्ष्मीनरायण मोगिया निवासी निवासी मोगिया वार्ड क्रमांक 07 तहसील चांचौडा जिला गुना द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति सही नहीं हैं जिस पर कलेक्टर श्री कन्याल ने संज्ञान लेते हुये आवेदन पर 10 हजार रूपये की सहायता राशि का चैक रेडक्रॉस सोसायटी से स्वीकृत चैक प्रदान किया हैं।

## जेल में हुआ गायत्री मंत्र साधना एवं दीप यज्ञ

**विदिशा,** अखिल विश्व गायत्री परिवार विदिशा द्वारा जिला जेल परिसर में एक विशेष आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों के जीवन में सकारात्मक सोच, आत्मबल और नैतिक जागरूकता का संचार करना रहा .इस अवसर पर बंदियों को गायत्री मंत्र की महिमा से परिचित कराया गया तथा द्वितीय ध्यान साधना भी करवाई गई. साधना के माध्यम से कैदियों को आंतरिक शांति और मानसिक संतुलन प्राप्त करने का संदेश दिया गया. इस अवसर पर जेलर प्रियदर्शन श्रीवास्तव उपस्थित रहे और उन्होंने गायत्री परिवार के इस प्रयास की सराहना की. कार्यक्रम में गायत्री परिवार से सुमन भदौरिया, प्रकाश सोनकर, पुजारी मनोज तथा शुभम वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

## अतिक्रमण से आजाद हुए तिलक

नवभारत न्यूज

**विदिशा 11 सितम्बर, शहर के अधिकांश चौराहों पर अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर रखा है. साथ ही शहर के चौराहों पर लगी महापुरूषों की प्रतिमाओं के आसपास भी कब्जा कर लिया गया है.खासतौर पर शहर के माधवगंज,तिलक चौक,बड़ा बाजार और नीमतला स्थित गांधी प्रतिमा के पास बड़े पैमाने पर कब्जा हो चला है.**

गुरूवार को नगर पालिका, प्रशासन और यातायात पुलिस ने सयुक्त कार्रवाही करते हुए तिलक चौक पर तिलक जी की प्रतिमां के आसपास के अतिक्रमण को हटाया गया. गुरुवार को नगर पालिका अतिक्रमण विरोधी दस्ता तिलक चौक पहुंचा और तिलक प्रतिमा के आसपास हुए अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, उपाध्यक्ष, पार्षद नेता प्रतिपक्ष और नगर पालिका अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे. नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि तिलक चौक पर तिलक प्रतिमा के आसपास अतिक्रमण था, जिसे हटाने की कार्रवाई की गई है और चौराहे का चौड़ीकरण कर सौंदर्यीकरण किया जाएगा. इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने बताया कि यहां के व्यापारी और आम लोगों को अतिक्रमण के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था. लोगों की समस्या को देखते हुए तिलक प्रतिमा के आसपास से अतिक्रमण हटाया गया है और चौराहे का चौड़ीकरण किया जाएगा.

# युवा संवाद से निश्चित परिवर्तन आयेगा

## वैश्विक चुनौतियों का समाधान और भारत के दृष्टिकोण विषय पर युवा संवाद कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सागर 11 सितंबर. युवा संवाद से निकला संदेश, वैश्विक समस्याओं का समाधान सनातन दर्शन के पास है.**

यह संदेश स्वामी विवेकानंद के शिकागो संदेश की 132 वीं वर्षगांठ पर आयोजित यहां आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में निकलकर आया है. संस्कृति प्रकृति प्रधान है यह जीवंत प्रमाणिकता उस संस्कृति की है, जिसने आज युवा संवाद में वैश्विक चुनौतियां का समाधान और भारत के दृष्टिकोण जैसे विषय को उठाया है. सारी दुनिया के अंदर वैश्विक संकट का कोई समाधान नहीं है.



इस संकट काल में भारतीय दर्शन या सनातन दर्शन समाधान लेकर आता है. यह उद्गार नर्मदा पुत्र समर्थ दादा गुरू ने कही. उन्होने कहा कि यहां एक चिंतन चल रहा था, यह चिंतन समाज का संदेश हो जाये, एक सार्थकता हो जाये. निश्चित ही इससे जीवन बदलेगा और दुनिया को बदलने की सामर्थ्य भी होगी. ऐसे संवादों से निश्चित ही परिवर्तन आयेगा. रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय के कुलगुरू विनोद मिश्रा ने कहा कि सभी सुख, मन का सुख, बुद्धि का सुख और आत्मा का सुख का अध्यन करके वैश्विक चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है. मुख्य वक्ता आशुतोष सिंह ने कहा कि इस्लामिक व पश्चिमी विचार मोनोथिएस्टिक हैं. उनके ईश्वर को जो नहीं मानते उनके अनुसार वे पापी हैं ऐसे में सह अस्तित्व की अवधारणा ही वहां नहीं है.

> कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह, सुनील देव, डा. गौरीशंकर चौबे, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी सहित बड़ी संख्या में जिले का प्रबुद्ध वर्ग मौजूद रहा.

# युकां ने खराब फसल के साथ किया प्रदर्शन

- गोपालपुरा से भैरूंदा तक निकाली तिरंगा यात्रा
- एसडीओपी को युवक कांग्रेस ने प्रदर्शन के बाद सौंपा ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**भैरूंदा 11 सितंबर. सोयाबीन की फसल और क्षेत्र की सड़कों को लेकर जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष संजय हवेली के नेतृत्व में गुरुवार को कांग्रेस ने गोपालपुर के बंजारी बालाजी मंदिर से पूजा अर्चना एवं हनुमान चालीसा का पाठ कर गोपालपुर से भैरूंदा तक लगभग 20 किलोमीटर किसान स्वाभिमान तिरंगा यात्रा निकाली.**

श्री पटेल ने यात्रा को संबोधित करते हुए क्षेत्र के किसानों की पीड़ा सांझा की. उन्होंने बताया की कृषि मंत्री के क्षेत्र में किसान खाद को लेकर बड़े लंबे समय से परेशान हैं. बहुत से किसानों के मूंग उपार्जन की राशि अब तक उनके खातों में नहीं पहुंची.

उन्होंने फसलों के समर्थन मूल्य बढ़ाने की मांग की.कांग्रेस ने मांग की कि पीला मोजक का प्रकोप से किसान परेशान हैं, जल्द सर्वे किया जाए एवं उचित मुआवजा दिया जाए समस्त मांगों को लेकर एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा.

## जूडो में तीन खिलाड़ियों का नेशनल के लिए चयन

**ब्यावरा.11 सितम्बर, का.** 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा जुडों प्रतियोगिता का आयोजन जिला गुना में 08 से 11 सितंबर, तक आयोजित किया गया. जिसमें जिले के जूडो खिलाड़ियों ने भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए अपना शानदार प्रदर्शन कर 3 गोल्ड मेडल, एक सिल्वर तथा एक ब्राउस मेडल प्राप्त किया. जिनमें ज्योतिराज प्रजापति, हरिओम प्रजापति एवं देशराज यादव ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया. वहीं सुमित प्रजापति ने सिलवर मेडल एवं कुश बाजार ने ब्राउंस मेडल प्राप्त किया. विजेता खिलाड़ी आगामी दिनों में मणीपुर में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे.



## स्टार्टअप छात्राओं का सम्मान

नवभारत न्यूज

**सागर 11 सितंबर. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्ट महाविद्यालय के इनक्यूबेशन सेंटर विभाग के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को उद्यम एवं स्टार्टअप की ओर अग्रसर करने कार्यक्रम का आयोजन किया.**

वूमेन ग्रुप ऑफ अवेयरनेस सोसायटी वेगास द्वारा छात्राओं को उद्यम एवं उद्यमिता के विषय में प्रोत्साहित किया गया1 मुख्य अतिथि वेगास ग्रुप की अध्यक्ष श्रीमती पूजा गोयल ने कहा कि वेगास ग्रुप द्वारा आगामी मेले में महाविद्यालय के स्टार्टअप छात्राओं को निशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराया जायेगा. जनभागीदारी अध्यक्ष मनीषा मिश्रा द्वारा छात्राओं को उनके स्टार्टअप एवं उद्यम के लिए बधाई दी गई. प्राचार्य डॉ. नवीन गिडियन के द्वारा छात्राओं को स्थापित इनक्यूबेशन सेंटर के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं एवं मेंटरशिप के विषय में उल्लेख किया.

**सौगात** भाजपा जिलाध्यक्ष सहित कलेक्टर ने बच्चों को किया प्रोत्साहित

# 12वीं के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को दी स्कूटी की चाबी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शासकीय स्कूलों के 12वीं कक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी की चाबी प्रदान कर बधाई व उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रदेश के 7.832 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान की गई।**



जिला मुख्यालय पर स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक.1 टीकमगढ़ में उक्त कार्यक्रम का आयोजन गुरूवार को किया गया। कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत के मुख्य आतिथ्य में तथा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के विशिष्ट आतिथ्य में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक.1 टीकमगढ़ में संपन्न कराया गया। आयोजित कार्यक्रम में 12वीं कक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा स्कूटी की चाबी प्रदान की गई। साथ ही राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी अतिथियों के साथ बच्चों ने देखा गया।

इसके अलावा जिलेभर के शासकीय स्कूलों में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शासकीय अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लिया।

### जिला मुख्यालय पर देखा गया समारोह का सीधा प्रसारण

भोपाल में यह कार्यक्रम प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न कराया गया। जिसमें स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनसंपर्क विभाग के द्वारा उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफामर्स पर किया गया। एनआईसी बेवकास्ट के साथ ही उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय पर देखा गया।

## स्कूल बचाओ संघर्ष समिति की रैली आज

**अशोकनगर।** गर्ल्स स्कूल के लिए आवंटित जगह पर हुए अतिक्रमण को हटाने व स्कूल भवन के निर्माण की मांग पर स्कूल बचाओ संघर्ष समिति के साथ छात्रों,अभिभावकों और शहर के नागरिकों द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन की जीत हुई है। लेकिन समिति द्वारा की जा रही सभी मांगे अभी पूरी नहीं हुई है। गर्ल्स स्कूल के नवीन भवन के लिए लागत राशि जल्द मंगाकर स्कूल भवन का अतिशीघ्र निर्माण करने की जरूरत है इसके साथ ही के 9 सरकारी स्कूल जिनका नाम सीएम राइज स्कूल में मर्ज कर बंद करने की सूची में शामिल है।